# मेट्रो सिटी

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

नागपुर, बुधवार, 25 दिसंबर 2024


## सूने घर से चोरों ने उड़ाए 3.33 लाख के गहने

**कोराडी.** पुलिस थाना अंतर्गत संत ज्ञानेश्वर सोसायटी, आर्यनगर स्थित एक बंद घर में सेंधमारी कर चोरों ने सोने -चांदी के आभूषण सहित करीब 3.33 लाख रुपए के माल पर हाथ साफ किया। पुलिस ने फिर्यादी, विभाश महादेव गोंडाने (44) की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार विभाश महादेव गोंडाने सिटी सर्वे के ऑफिस में सरकारी कर्मचारी हैं जबकि उनकी पत्नी टीचर है।विभाश 22 दिसंबर की रात करीब 8:00 बजे अपने घर को ताला लगाकर परिवार सहित रामटेक गए हुए थे। जब वे 23 दिसंबर की रात करीब 8:15 बजे के दौरान अपने घर वापस आए तब उन्हें घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ दिखाई दिया और अंदर कमरे में सारा सामान बिखरा हुआ दिखा। अज्ञात चोरों मौका देखकर घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए थे और लोहे की अलमारी से सोने के आभूषण और चांदी के सिक्के सहित 333750 रूपयों के माल को चुरा लिया था। पुलिस ने फरियादी की शिकायत के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.








## जैन समाज की आर्यनंदी दिनदर्शिका का विमोचन

**नागपुर :** अखिल दिगंबर जैन सैतवाल संस्था द्वारा प्रकाशित जैन तिथियुक्त आर्यनंदी दिनदर्शिका का विमोचन अखिल दिगंबर जैन सैतवाल संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री नितिन नखाते के हस्ते सोमवार को महावीरनगर स्थित श्री सैतवाल जैन संगठन मंडल के कार्यालय में विमोचन हुआ। इस 2025 की दिनदर्शिका में जैन तिथियां, जैन त्यौहार, व्रत करने की विधि, विभिन्न व्रतों की जानकारी, दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्रों को फोन नंबर्स, आवश्यक जानकारी प्रकाशित की गई हैं।

राष्ट्रीय महामंत्री नितिन नखाते ने कहा यह दिनदर्शिका समाज के लिए उपयुक्त होगी। धार्मिक त्यौहार, व्रतों की जानकारी होने से घर घर इसका महत्व रहेगा। इस अवसर पर अखिल दिगंबर जैन सैतवाल संस्था के राष्ट्रीय सहमंत्री राजेंद्र नखाते, विदर्भ पूर्व के उपाध्यक्ष दिलीप राखे, महामंत्री श्रीकांत धोपाडे, नागपुर पूर्व के अध्यक्ष श्रीकांत तुपकर, दिलीप शिवनकर, डॉ. नरेंद्र भुसारी, रमेश उदेपुरकर, विशाल चानेकर, संजय भरडे, मनीष पिंजरकर प्रमुखता से उपस्थित थे।

## झगड़ा छुड़वाने गए व्यक्ति को मारा चाकू

**नागपुर :** नंदनवन पुलिस थाना अंतर्गत हसन बाग परिसर में निर्माणाधीन पुल में लेबर का काम कर रहे कुछ मजदूरों के बीच चल रहे झगड़े को छुड़वाने जाना एक व्यक्ति को उस समय भारी पड़ गया जब तीन युवकों ने मिलकर व्यक्ति पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने फरियादी के भाई सद्दाम हुसैन महबूब खान (34) हसनबाग निवासी की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है और आगे की जांच कर रही है। पकड़े गए आरोपियों में मोहम्मद फैजान मोहम्मद इब्राहिम (19) हरिभाऊ कोलटे अपार्टमेंट के सामने, हसनबाग, मोहम्मद दानिश अरशद अली (19), साहिल अली मुस्ताक अली (19) दोनों हसनबाग निवासी का समावेश है।

# बूटीबोरी में उड्डाण पुल का एक हिस्सा धंसा

> लगी वाहनों की एक किमी तक लंबी कतारें

**नागपुर.**

नागपुर-चंद्रपूर और नागपुर-वर्धा मार्ग को जोड़ने वाला बुटीबोरी का उड्डाण पुल रविवार को एक बड़ी समस्या का कारण बन गया। पुल का एक हिस्सा धंसने से इस मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और ट्रैफिक पूरी तरह से ठप हो गया। इस घटना ने न केवल स्थानीय नागरिकों बल्कि अन्य क्षेत्रों से आने-जाने वाले लोगों को भी भारी असुविधा में डाल दिया है।

यह उड्डाण पुल भारतीय राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण (NHAI) द्वारा 17 जून 2021 को यातायात के लिए खोला गया था। बुटीबोरी स्थित इस पुल का निर्माण नागपुर और चंद्रपूर, वर्धा के मार्गों को जोड़ने के लिए किया गया था, साथ ही यह मार्ग हैदराबाद जाने वाले यात्रियों के लिए



भी महत्वपूर्ण है। लेकिन अब महज तीन साल के भीतर ही पुल का एक हिस्सा धंस कर नीचे गिरने का मामला सामने आया है।

स्थानीय पुलिस अधिकारियों के अनुसार, रविवार सुबह पुल के कुछ हिस्से का मटेरियल गिरने के बाद इसे तुरंत बंद कर दिया गया। शुरुआत में, पुल के एक रास्ते पर ट्रैफिक बंद किया गया, लेकिन बाद में दोनों दिशा की यातायात पूरी तरह से रोक दी गई। इसके बाद, वाहनों को बुटीबोरी के मुख्य चौक से डायवर्ट किया गया, जिससे यातायात की गति बेहद धीमी हो गई है। इस कारण एक किलोमीटर लंबी ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

\स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर दिन-प्रतिदिन बढ़ती ट्रैफिक समस्या अब गंभीर रूप लेती जा रही है। यह मार्ग केवल नागपुर और चंद्रपूर के नागरिकों के लिए ही नहीं, बल्कि वर्धा, यवतमाल, और हैदराबाद जाने वालों के लिए भी प्रमुख मार्ग है। इस मार्ग पर बेतहाशा बढ़ती वाहनों की संख्या और अब पुल के धंसने से यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

\वहीं, दूसरी ओर, स्थानीय प्रशासन ने स्थिति को गंभीरता से लिया है और अधिकारी सड़क के अन्य हिस्सों की मरम्मत करने के प्रयास में जुटे हैं। पुलिस उपविभागीय अधिकारी वैभव जाधव ने बताया, "हमने ट्रैफिक को वैकल्पिक रास्तों पर डायवर्ट किया है, लेकिन वहां भी वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। हम वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं और जल्द ही स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास किए जाएंगे।"

\यह समस्या सिर्फ बुटीबोरी तक सीमित नहीं है। घोडबंदर मार्ग पर भी पिछले कुछ दिनों से भारी ट्रैफिक जाम की जानकारी है। इस मार्ग पर भी कई बार भारी वाहनों के पलटी होने के कारण जाम की स्थिति बनती है। जिससे स्थानीय नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

\साथ ही, प्रशासन ने सड़क के अन्य हिस्सों के निरीक्षण के आदेश दिए हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। फिलहाल, बुटीबोरी में स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन वाहन चालकों को सलाह दी गई है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।



## 'कर्तव्य मेला' में नागपुर पुलिस को मिली अभूतपूर्व सफलता

**नागपुर.** महाराष्ट्र पुलिस विभाग द्वारा आयोजित 'महाराष्ट्र पुलिस कर्तव्य मेळावा 2024' में नागपुर शहर पुलिस दल ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। इस बार के कर्तव्य मेळावा में नागपुर शहर पुलिस ने 9 पदक जीतकर 'जनरल चैंपियनशिप' का खिताब अपने नाम किया। यह पहली बार है जब नागपुर पुलिस ने इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में इस तरह का प्रदर्शन किया है।

7 से 12 दिसंबर 2024 तक पुणे में आयोजित इस स्पर्धा में महाराष्ट्र राज्य भर के 23 पुलिस दलों ने हिस्सा लिया। इस स्पर्धा में कुल 6 श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं, जिनमें वैज्ञानिक सहायता से जांच, पुलिस फोटोग्राफी, पुलिस वीडियोग्राफी, कंप्यूटर जागरूकता, एंटी-सबोटेज चेक, और श्वान प्रतियोगिता शामिल थीं। नागपुर पुलिस दल ने इस प्रतिस्पर्धा में कुल 9 पदक जीते, जिसमें 4 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। इस शानदार प्रदर्शन के कारण नागपुर शहर पुलिस दल ने 'जनरल चैंपियनशिप' का खिताब जीता। इसमें मानकापूर पुलिस स्टेशन के थानेदार प्रशांत ठवरे ने मेडिकल लीगल ओरल और फॉरेन्सिक सायंस में स्वर्ण पदक जीते, जबकि फॉरेन्सिक ए टू इन्वेस्टिगेशन में रजत पदक प्राप्त किया। इसके अलावा, पुलिस कर्मी कृणाल उके ने कंप्यूटर अवेयरनेस (डॉट नेट) श्रेणी में स्वर्ण पदक जीते, वहीं पलाश वाघमारे ने रजत पदक और कांस्य पदक प्राप्त किए। महिला पुलिस कर्मचारी प्रतीक्षा नागपुरे ने पोलीस पोर्ट्रेट और ऑब्जर्वेशन टेस्ट श्रेणियों में दो स्वर्ण पदक जीतकर पुलिस दल का मान बढ़ाया। इस सफलता का श्रेय पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र कुमार सिंगल और अपर पुलिस आयुक्त श्री संजय पाटिल को जाता है, जिन्होंने इस टीम को मार्गदर्शन और प्रेरणा दी। टीम के अन्य सदस्य, जिनमें फॉरेन्सिक साइंस विभाग के डॉ. आशिष और डॉ. नीती भिड़े, छायाकार सचिन पानसे, और अन्य विशेषज्ञों का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

## महिला आयोग में वैवाहिक समस्याओं और बलात्कार की शिकायतें बढ़ीं

**नागपुर.** राज्य महिला आयोग में पिछले छह महीनों में वैवाहिक समस्याओं से संबंधित 1,883 शिकायतें दर्ज की गई हैं, जबकि बलात्कार और सामाजिक समस्याओं के मामले भी लगभग 1,500 तक पहुंच गए हैं। माहिती अधिकार से प्राप्त विवरण में यह बात सामने आई है कि महिला आयोग के समुपदेशन और विधि शाखा में 1 अप्रैल 2024 से 31 अक्टूबर 2024 तक कुल 6,073 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 5,966 मामलों का निपटारा किया गया, जबकि 1,808 मामले अभी भी लंबित हैं।

इस दौरान सबसे अधिक शिकायतें वैवाहिक समस्याओं से संबंधित थीं, जिनकी संख्या 1,883 रही। इसके अलावा, सामाजिक समस्याओं और बलात्कार के मामलों में 1,537 शिकायतें दर्ज की गईं। मालमत्ते के विवाद, कामकाजी जगहों पर लैंगिक उत्पीड़न और अन्य मामलों से जुड़ी शिकायतों का आंकड़ा भी काफी अधिक रहा।

राज्य महिला आयोग के



समुपदेशन और विधि शाखा में 6,073 शिकायतों के अलावा, कुल 7,774 शिकायतों में से 5,966 मामलों का समाधान किया गया, लेकिन 1,808 मामले अब भी लंबित हैं। इनमें से 860 शिकायतें वैवाहिक समस्याओं से संबंधित हैं, जबकि बलात्कार और सामाजिक समस्याओं के 333 मामले, संपत्ति विवाद के 166, और कामकाजी स्थानों पर उत्पीड़न के 30 मामले अभी भी निपटारे का इंतजार कर रहे हैं।

यह आंकड़ा यह दर्शाता है कि महिला आयोग पर दबाव बढ़ रहा है, खासकर उन मामलों में जिनमें गंभीर कानूनी और सामाजिक सवाल जुड़े होते हैं।

महिला आयोग में कई पदों पर रिक्तियां भी हैं। आयोग में 35 पदों में से 4 पद अभी भी भरे नहीं गए हैं। इनमें से उपसचिव का पद वर्ग 'अ' श्रेणी में रिक्त है। वर्ग 'ब' में प्रशासनिक अधिकारी और लेखा अधिकारी का पद भी खाली है। इसके अलावा, उच्च श्रेणी के लघुलेखक और अन्य सहायक कर्मचारियों के पदों पर भी रिक्तियां हैं।

इस मामले में आयोग ने बताया कि जल्द ही इन पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वर्तमान में इन रिक्त पदों को तात्कालिक रूप से बाहरी कर्मचारियों के जरिए भरा गया है। सामाजिक कार्यकर्ता अभय कोलारकर द्वारा माहिती के अधिकार के अंतर्गत मांग गई जानकारी के बाद यह खुलासा हुआ है।

सामाजिक कार्यकर्ता अभय कोलारकर ने इन बढ़ती शिकायत के लिए चिंता जताई और सरकार से महिला आयोग के कार्य को सुदृढ़ करने के लिए उचित कदम उठाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, "महिला आयोग की कार्यवाही और इसकी दक्षता दोनों की समीक्षा की जानी चाहिए ताकि शिकायतों का समाधान समय पर हो सके।"

# कामयाब रहा जलसा-ए-दस्तारबंदी और ऑल इंडिया सुन्नी इज्तिमा





**नागपुर.**

अल-जामियतुर रज़विया दारुल उलूम अमजदिया ने अपने वार्षिक दीक्षांत समारोह दस्तार-ए-फज़ीलत व इफ्ता के साथ बाबा ताजुद्दीन लॉन, दरगाह बाबा ताजुद्दीन, ताजबाग, नागपुर में एक दिवसीय ऑल-इंडिया सुन्नी इज्तिमा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान और विचारक, डॉ. सय्यद फज़लुल्लाह चिश्ती (एम.टेक गोल्ड मेडलिस्ट) रहे, जिन्होंने "वैश्विक समस्याएं और इस्लामी दृष्टिकोण में उनके समाधान" विषय पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया।

डॉ. चिश्ती ने बढ़ती आर्थिक असमानता, खासकर भारत में 1% अमीरों द्वारा 40% संपत्ति पर कब्जे की स्थिति पर चिंता जताई और सभी से गरीबी और भूख मिटाने के लिए सामूहिक प्रयास करने की अपील की। उन्होंने खाद्य संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए वैज्ञानिकों से बेहतर भंडारण तकनीक विकसित करने की अपील की, ताकि इस्लाम के सिद्धांतों के अनुरूप खाद्य अपव्यय को कम किया जा सके।

समाज में लिव-इन रिश्तों के बढ़ते प्रभाव को नकारते हुए, डॉ. चिश्ती ने इसे समाज में अस्थिरता और अपराध का कारण बताया और विवाह को स्वस्थ समाज की नींव के रूप में प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। उन्होंने सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं को सही जानकारी साझा करने से पहले उसे सत्यापित करने की सलाह दी।

इस जलसे में 72 मुफ्ती, क़ारी, हाफ़िज़ और आलिमों को उनके इस्लामी विद्वता में उपलब्धियों के लिए "सनद- प्रमाणपत्र" प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मौलाना वकार अज़ीजी, मुफ्ती फैज़ अहमद मिस्बाही, मौलाना हस्सान मलिक नूरी और मौलाना मुज़म्मिल खान जैसे अन्य वक्ताओं ने भी भाग लिया और समाज सुधार पर इस्लामी सिद्धांतों के आधार पर चर्चा की।

कार्यक्रम के अंत में, मुफ्ती मुजतबा शरीफ खान अश'हरी, मुफ्ती-ए-आज़म महाराष्ट्र और दारुल उलूम अमजदिया के प्रिंसिपल ने संस्था के सभी समर्थकों का आभार व्यक्त किया और समाज में शिक्षा के माध्यम से बदलाव लाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम ने वैश्विक और सामाजिक समस्याओं पर सार्थक चर्चा का मंच प्रदान किया, जिसमें इस्लामी दृष्टिकोण को समाधान के रूप में प्रस्तुत किया गया।

## कलमना में चोरों ने किराना दुकान से उड़ाई 2.66 लाख की नगदी

**नागपुर.**



कलमना पुलिस थाना अंतर्गत, जुनी कामठी रोड स्थित शनि मंदिर के पास एक किराना दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। यह दुकान माधव किराणा ट्रेडर्स के नाम से संचालित है और इसके मालिक आशिष सुरेश पांडे हैं।

बताया जा रहा है कि आशिष पांडे बीती रात अपनी दुकान को ताला लगाकर घर चले गए थे। इसी दौरान कलमना पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को दुकान का शटर बीच से उठा हुआ दिखा जो कि बीच से बैंड हो गया था। पुलिस ने तुरंत दुकान मालिक आशिष पांडे को सूचित किया। जब वे दुकान में पहुंचे और जांच की, तो सीसीटीवी फुटेज में रात 8:35 बजे से लेकर 2:45 बजे तक दो अज्ञात चोरों को दुकान के शटर को उठाकर अंदर घुसते हुए देखा गया। चोरों ने काउंटर का ताला तोड़कर वहां रखे 2,66,800 की नकदी चोरी कर ली थी। फिर्यादी आशिष पांडे ने कलमना पुलिस थाना में इस चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 305(अ) और 331(4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की आगे की जांच पुलिस उपनिरीक्षक मोरे कर रहे हैं।









## जरी जरदोजी क्लस्टर, खापरखेड़ा में एमएसएमई संयुक्त निदेशक का दौरा

**खापरखेड़ा.** नागपुर स्थित जरी जरदोजी क्लस्टर में 23 दिसंबर को एमएसएमई कार्यालय नागपुर के संयुक्त निदेशक वी.आर. सिरसाठ और सुभाष इंगेवार ने दौरा किया। इस दौरान आईए विदर्भ हैंडीक्राफ्ट आर्टिसंस वेलफेयर एसोसिएशन, नागपुर के सचिव ज़फर अहमद और क्लस्टर सीडीई प्रीति पेठे ने दोनों अतिथियों का स्वागत किया।

क्लस्टर की महिलाओं ने पारंपरिक अंदाज में मेहमानों का स्वागत किया और उन्हें कारीगरों से परिचित कराया। क्लस्टर की संपूर्ण जानकारी, उत्पादन प्रक्रिया और कारीगरों के काम को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। संयुक्त निदेशक सिरसाठ और इंगेवार ने कारीगरों से बातचीत की और उनके अनुभवों को रुचिपूर्वक सुना। इसके साथ ही, उन्होंने अक्टूबर में आयोजित एमडीपी (मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम) में भाग लेने वाली महिलाओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए।

कार्यक्रम के दौरान कारीगरों से उनकी मशीनों और कामकाज की प्रक्रियाओं पर चर्चा की गई। एसपीवी सदस्यों ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और सभी आर्टिसनों के साथ ग्रुप फोटो भी लिया गया।

# छात्र गंदा पानी पीने को मजबूर

## प्राचार्य व संबंधित विभाग की लापरवाही का अनूठा उदाहरण

**सावनेर.**

शहर मुख्यालय में स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) इन दिनों एक बार फिर चर्चा का विषय बना हुआ है। राज्य सरकार द्वारा संचालित इस संस्थान में विभिन्न विभागों में करीब 200 छात्र-छात्राएं तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। लेकिन इन छात्रों को पीने के लिए शुद्ध पानी उपलब्ध कराना संस्थान के प्राचार्य और संबंधित विभाग की ज़िम्मेदारी होने के बावजूद, इस विषय पर लापरवाही की खबरें सामने आ रही हैं।

संस्थान में छात्रों के लिए लगाए गए आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) वाटर फील्टर कई महीनों से खराब पड़ा है। इसके चलते पानी बिना किसी फिल्टर के सीधे पानी की टंकी से सप्लाई किया जा रहा है। हालात यह हैं कि पानी की टंकी की नियमित सफाई न होने से उसमें हरे रंग की काई जमा हो रही है।



यह भी पता चला है कि टंकी की सफाई और संस्थान परिसर की साफ-सफाई का काम छात्रों से ही करवाया जाता है। छात्रों का कहना है कि प्रबंधन न तो टंकी की सफाई करवाता है और न ही परिसर की स्वच्छता का ध्यान रखा जाता है।

### छात्रों के स्वास्थ्य पर खतरा

टंकी में जमा गंदा पानी और उसमें पनपने वाले हानिकारक जीव छात्रों के स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो सकते हैं। संस्थान की लापरवाही के कारण छात्रों के बीच डायरिया और अन्य जलजनित बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ गई है।

### समाजसेवी ने की कार्रवाई की मांग

इस गंभीर मामले को लेकर समाजसेवी किशोर ढुंढेले ने संबंधित विभाग से प्राचार्य और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि छात्रों के स्वास्थ्य और भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



## कुरैश जमात सफल सेमिनार कुरैशी हुए सम्मानित

**नागपुर.** छत्तीसगढ़ कुरैश जमात द्वारा आयोजित (सेमिनार) कुरैश मिशन तालीम मे समाज के बच्चों को एक तालीमी दिशा दी गयी सेमिनार मे आये हुए बच्चों का हौसला अफ़ज़ाई करते हुए समाज के बुजुर्ग रहनुमाओ ने सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर (हौसला अफ़ज़ाई ) सम्मानित किया गया...! ये प्रोग्राम जेरे सरपरस्ती छत्तीसगढ़ कुरैश जमात एवं जेरे निगरानी जमीयतुल कुरैश युथ विंग की देखरेख मे सम्पन्न हुआ इस प्रोग्राम मे कुरैश जमात के सदर हाजी सलाम कुरैशी, पूर्व सदर हाजी अकरम कुरैशी, हाजी सुल्तान कुरैशी, मोहम्मद सलीम कुरैशी, मोहम्मद आबिद कुरैशी, मोहम्मद हसन कुरैशी, मोहम्मद जावेद कुरैशी, मोहम्मद नईम कुरैशी, हाजी जिया कुरैशी एवं जमीयतुल कुरैश युथ विंग के सरपरस्त हाजी अलीम कुरैशी, युथ विंग सदर सैय्यद यसीम कुरैशी,युथ विंग नायब सदर मो.रिज़वान कुरैशी, युथ विंग सेक्रेटरी मो.अफसार कुरैशी,युथ विंग खजाँची मो.इरशाद कुरैशी, युथ विंग जॉइन्ट सेक्रेटरी शाहरुख़ कुरैशी, जॉइन्ट सेक्रेटरी सरफराज़ कुरैशी और जॉइन्ट सेक्रेटरी मुजम्मिल कुरैशी ने इस प्रोग्राम को कामयाब बनाने बहुत कोशिश की है और मेहमान खुसूसी जमीयतुल कुरैश नागपुर साबिक़ जॉइंट सेक्रेटरी फज़्लुर रहमान कुरैशी का इस्तक़बाल किया गया और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. उम्मीद है कि आने वाले समय मे भी तालीम की इस मुहिम को समाज मे आगे लेकर जाएगे.

## आज शब्द, आराधना, नृत्य से मनाया जाएगा क्रिसमस

### > बंजारा डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा कार्यक्रम आयोजित

**वाडी.**

खुशी, संगीत, नृत्य और आराधना की एक रात के लिए सभी को शामिल होने" के लिए आमंत्रित किया जाता है क्रिसमस उत्सव 2024 वे कार्यक्रम में जो बुधवार 25 दिसंबर 2024 को शाम 5 से 8 बजे तक मानकर सभागृह, सोनबा नगर,खड़गांव रोड में मनाया जाने वाला है।कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि बीएससी,एलएलबी, एलएलएम, एमबीए (एचआर), पीएचडी पुलिस उपाधीक्षक, पीसीआर डॉ. अशोक बागुल,कार्यक्रम में शामिल होने वाले अंकित देशमुख की उपस्थिति रहने वाली है।कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा उपासकों को शामिल होने की अपील द बंजारा डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष रेव. डॉ लक्ष्मण राठोड, पास.रमेश परदेशी,देवा मेश्राम ने की है।

## एसपीआईटी और एलुमनाई का 25वा रीयूनियन समारोह आयोजित

**नागपुर.** मुंबई के प्रमुख इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट में से एक, सरदार पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एसपीआईटी) ने 21 दिसंबर को एसपी जैन ऑडिटोरियम, भवन कैम्पस, अंधेरी वेस्ट में अपने एनुअल एलुमनाई रीयूनियन का आयोजन किया. यह कार्यक्रम 1999 बैच की 25वीं वर्षगांठ के उत्सव के रूप में आयोजित किया गया. जिसमें उनके करियर की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया. इस कार्यक्रम में लगभग 300 एलुमनाई का स्वागत किया गया. जिनमें टेक्नोलॉजी और बिज़नेस क्षेत्रों के लीडर भी शामिल थे. 1999 बैच के एलुमनाई, समीर निगम, सीइओ और फाउंडर, फ़ोनपे और राहुल चारी, सीटीओ और फाउंडर, फ़ोनपे ने इस कार्यक्रम में $1 मिलियन के ग्रांट की घोषणा की. यह ग्रांट इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाएगा, इनोवेशन को बढ़ावा देगा और छात्रों में उद्यमशील सोच को बढ़ावा देगा. जिससे उन्हें अत्याधुनिक समाधान विकसित करने और प्रभावशाली वेंचर चलाने के लिए सशक्त किया जा सके. इन दोनों को बिज़नेस और समाज में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित एलुमनाई अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. फ़ोनपे ने अपने सहज और यूज़र-सेंट्रिक प्लैटफ़ॉर्म से भारत के डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम में क्रांति ला दी है. उनके नेतृत्व ने फोनपे को एक प्रतिष्ठित नाम बना दिया है, जो पूरे देश में लाखों लोगों के लिए वित्तीय समावेशन सुनिश्चित कर रहा है.



रीयूनियन में बोलते हुए फ़ोनपे के को-फाउंडर और सीटीओ, राहुल चारी जी ने कहा, 'जब मैं एसपीआईटी में अपने बिताए गए. समय को याद करता हूँ तो कंप्यूटर इंजीनियरिंग के ग्रेजुएट होने वाले पहले बैच का हिस्सा होना मेरे दिल के काफी करीब है. यहीं से मैंने और मेरे को-फाउंडर समीर ने अपने एंटरप्रेन्योर बनने की यात्रा की शुरुआत की थी और हमारे पहले वेंचर का ऑफिस इसी इंस्टीट्यूट में था. एसपीआईटी में मिली बेहतरीन शिक्षा और यहाँ के बेहतरीन शिक्षकों और सहपाठियों से सीखे गए अनमोल अनुभवों ने फोनपे बनाने की मेरी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

## येरखेड़ा के विकास के लिए सदैव सहयोग करूंगा: बावनकुले

**कामठी.** येरखेड़ा गांव के सर्वांगीण विकास के लिए बड़ी मात्रा में धनराशि उपलब्ध कराकर येरखेड़ा गांव के विकास में बहुमूल्य योगदान देता रहूंगा. उक्त विचार महाराष्ट्र सरकार मंत्रिमंडल के नवनियुक्त राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने भारतीय जनता पार्टी की ओर से रामकृष्ण लेआउट में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलन और भारत माता की छवि पर माल्यार्पण करने उपरांत व्यक्त की है. कार्यक्रम दौरान राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले को श्रीफल, पुष्पगुच्छ, शॉल प्रदान कर लोगों ने सत्कार किया.



इस मौके पर भाजपा प्रदेश युवा मोर्चा के कार्यकारणी सदस्य संकेत बावनकुळे, सचिव चेतन खडसे, ज़िला परिषद सदस्य मोहन माकडे, कामठी तालुका भाजपा अध्यक्ष उमेश रडके, पंचायत समिति पूर्व उपसभापति देवेंद्र गवते, सरपंच परिषद संगठना विदर्भ कार्याध्यक्ष व खैरी ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच बंडू कापसे, येरखेडा ग्रामपंचायत की पूर्व सरपंच मंगला कारेमोरे, पूर्व सरपंच मनिष कारेमोरे, एड. आशिष वंजारी, ईश्वरसिंग चौधरी, गजानन तिरपुडे, जया भस्मे, सुषमा राकडे, ग्रामपंचायत उपसरपंच मंदा महल्ले पाटील, ग्रामपंचायत सदस्य सतीश दहाट, नरेश मोहबे, राजश्री धीवले, कुलदीप पाटील, प्रिया दुपारे, ज्योती घडले, राजेंद्र चौरे, प्रवीण आगाशे, शितल चौधरी, राकेश काळे, सुशांत काळे, राम देशमुख, जॉनी भस्मे, राजेश पिपरेवार, पिंटू मथुरे, मुकेश कनोजिया, उमेश मोहल्ले, आदित्य वर्मा, संकेत मोरे, तुषार ढबाले, वंदना भस्मे, मुक्ता कारेमोरे, शीला देशमुख, मीना दास, ललित गभणे, सुरेंद्र वाजूरकर, रुपेश श्रीवास्तव, टीकाराम भोगे गुरुजी, घनश्याम कारेमोरे, विजय तिमांडे, घनश्याम गुजेवार, तरुण घडले, सुमेध दुपारे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रमुखता से मौजुद रहें. कार्यक्रम में प्रास्तावित पूर्व सरपंच मंगला कारेमोरे ने एवं संचालन पत्रकार सुदाम राखडे ने तथा आभार प्रदर्शन पंचायत समिति पूर्व उपसभापति देवेंद्र गवते ने व्यक्त किए.

## शिवसेना उबाठा के राधेश्याम हटवार से वैयक्तिक खेद व्यक्त

**कामठी.** रणाला निवासी सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी ने शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट ज़िला संगठक राधेश्याम हटवार से वैयक्तिक खेद व्यक्त करते हुए कहा कि नागपुर मेट्रो समाचार 24 नवंबर के अंक में 'चंद्रशेखर बावनकुले का हुआ जोरदार स्वागत' शीर्षक समाचार में गलती से शिवसेना शिंदे ज़िला संगठक राधेश्याम हटवार का नाम कामठी स्पेशल रिपोर्टर सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी के माध्यम से प्रकाशित हो गया है. जबकि राधेश्याम हटवार शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के ज़िला संघटक है. इसलिए नागपुर मेट्रो समाचार की ओर से गलती से नाम प्रकाशित होने पर बिना शर्त सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी ईमानदारी से क्षमाप्रार्थी है और उन्होंने पूरे मन से प्रतिबद्धता व्यक्त किया हैं कि ऐसी त्रुटियों की पुनरावृति नहीं होगी.

## मां सुगंधा ने दी दो अंधों की आंखों की रोशनी

**वाडी.** वाडी निवासी एवं भारतीय बौद्ध महासभा, नागपुर ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेश उके की चाची और मालताई धोंगड़े, अरुण, श्रीकांत और प्रेम उके की मां स्मृतिशेष सुगंधाबाई उके (90) का वृद्धावस्था में निधन हो गया।

मां सुगंधाबाई ने जीवन भर अपने परिवार में मानवता की खुशबू बरकरार रखी लेकिन अपनी मृत्यु के बाद भी उन्होंने दो नेत्रहीन लोगों को आंखें दान कीं और उनकी आंखों में रोशनी की खुशबू भर दी। कुछ तकनीकी कारणों से उनका शरीर दान नहीं किया जा सका।इसीलिए उनका अंतिम संस्कार लकड़ियों पर किया गया। मां सुगंधा को आग लगाने से दो जीवित पेड़ जलकर



नष्ट हो गये। मुआवजे के तौर पर परिवार ने पर्यावरण के लिए रक्षा को विसर्जित करने का फैसला किया और रक्षा को श्मशान घाट में ही जमीन में गाड़ दिया, साथ ही उन्होंने अपनी मां की याद में पांच नए पेड़ लगाने और उनका संरक्षण खुद करने का संकल्प किया। पर्यावरण प्रेमी एवं अंगदान प्रचारक सुरेशजी उके, डॉ. सुबोध उके, डॉ. सुशील मेश्राम, प्रेम कुमार रूपनारायण ने इस मौके पर मुख्य रूप से पहल की.इस क्रांतिकारी निर्णय की उके परिवार के सदस्यों द्वारा सर्वत्र सराहना की जा रही है।



## के.जॉन पब्लिक स्कूल में तहसील स्तरीय खेल

**कामठी.** पंचायत समिति कामठी शिक्षा विभाग की ओर से के. जॉन पब्लिक स्कूल असोली में तहसील स्तरीय अंतर विद्यालय खेल एवं सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया.

तहसील स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य दिनेश ढोले ने खेल ज्योति प्रज्ज्वलित व खेल मैदान का पूजन कर एवं खिलाड़ियों से परिचय कर किया. इस अवसर पर ज़िला परिषद सदस्य मोहन माकडे, जिला परिषद पूर्व सदस्य अनिल निधान, कामठी तालुका भाजपा अध्यक्ष उमेश रडके, गटविकास अधिकारी बालासाहब येवले, गट शिक्षण अधिकारी संगीता तभाने, महालगांव सरपंच प्रकाश गजभिये, विस्तार अधिकारी एस. तोडकर, मोटे, जॉन, प्रवीण गावंडे, मनीष दिघाडे आदि उपस्थित रहे. प्रतियोगिता के दो दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव में कबड्डी, लंगड़ी, खो-खो, 100 मीटर दौड़, एकल नृत्य, समूह नृत्य, गीत गायन, समूह गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम का प्रस्ताव गट शिक्षा अधिकारी संगीता तभाने ने किया और संचालन जिला जिला परिषद उच्च प्राथमिक स्कूल अजनी की मुख्याध्यापिका शुभांगी सावरकर, अर्चना धवले ने तथा आभार प्रदर्शन एस. चोपकर ने व्यक्त किए. खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम के सगलतार्थ आयोजक राउडकर, बुंदेले, गजभिए, चंदनखेड़े, चामट, आगलावे, नासरे, जिपकाटे, सावरकर, कापसे, संगीता अवसरे, निमावत आदि शिक्षक कड़ी मेहनत कर रहे हैं.

## राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

**कामठी.**

विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज के सामाजिक जागरुकता प्रकोष्ठ व हेल्थ अवेरनेस प्रकोष्ठ और कॉलेज ऑफ सोशल वर्क के तत्वावधान से 'मानव स्वास्थ्य और ध्यान अभ्यास' पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न हुई.

ओगावा सोसायटी की अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे ने कार्यशाला का उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि योग और ध्यान एक ही सिक्के के दो पहलू हैं , शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी बहुत महत्वपूर्ण है. मन को एकाग्र और मजबूत करने के लिए ध्यान हर इंसान के लिए जरूरी है. इसके लिए तथागत गौतम बुद्ध का समाधि और विपश्यना का मार्ग ही विश्व में शांति, मैत्री और प्रेम की स्थापना कर सकता है. उन्होंने उपस्थितों को बुद्ध के मार्ग पर चलने का आव्हान किया. .



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रा. तू. म. नागपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलाधिपति एवं वरिष्ठ आंबेडकरी चिंतक डॉ. पूरनचंद्र मेश्राम ने कहा की, तथागत गौतम बुद्ध ने सम्यक समाधि के माध्यम से दुनिया को विद्या व प्रज्ञा यह दो बहुत महत्वपूर्ण मूल्य दिए और दुख ईश्वर निर्मित नहीं बल्कि मानव निर्मित है. अत: दुखों से बचने के लिए भगवान या देवताओं पर विश्वास न करते हुए व्यक्ति सम्यक समाधि और विपश्यना के माध्यम से दुख की जड़ का पता लगाकर निश्चित रूप से दुख से मुक्ति पा सकता है. ध्यान से मनुष्य की इन्द्रियाँ जागृत होती हैं. इसलिये आज भागदौड़ की स्थिति में ध्यान को हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने की आवश्यकता को उन्होनें प्रतिपादित किया . मुख्य मार्गदर्शक के रूप में संघकाय फाउंडेशन के अध्यक्ष भदंत अजन प्रशील रत्न गौतम ने कहा की, ज्ञान से आत्मज्ञान तक का मार्ग ध्यान है.

ध्यान कोई अंधविश्वास नहीं बल्कि मानसिक कल्याण की वैज्ञानिक रूप से सिद्ध जीवन पद्धति है. ध्यान व्यक्ति के हृदय को पवित्रता की ओर ले जाता है. समस्त मानव कल्याण का उपाय ध्यान में निहित है. उन्होंने बौद्ध धर्म में ध्यान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि तनाव मुक्ति की शक्ति प्रकृति में निहित है और प्रकृति के सानिध्य में किया गया ध्यान व्यक्ति को सतत विकास की ओर ले जाता है. सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज के प्राचार्य एवं कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. डॉ. विनय चव्हाण ने सभी वक्ताओं के भाषणों का परामर्श लिया और मानव जीवन में ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला. उद्घाटन सत्र की प्रस्तावना कार्यशाला के संयोजक डॉ. जयंत रामटेके एवं संचालन डॉ.राष्ट्रपाल मेश्राम तथा आभार प्रदर्शन सह- संयोजक डॉ. जितेन्द्र सावजी तागड़े ने व्यक्त किया. तकनीकी सत्र में सहज योग फाउंडेशन की ध्यान प्रशिक्षक स्वाति इंगले ने कुंडलिनी जागरण और ध्यान के बारे में व्यापक वैज्ञानिक जानकारी देकर ध्यान का प्रात्यक्षिक प्रस्तुत किया. इस तकनीकी सत्र की अध्यक्षता उप प्राचार्य डॉ. रेनू तिवारी ने की, संचालन डॉ. सविता चिवंडे ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ. राहुल जुनगरी ने व्यक्त किया. समापन सत्र की अध्यक्षता उप प्राचार्य डॉ. मनीष चक्रवर्ती ने की. मुख्य अतिथि प्रो. उज्ज्वला सुखदेवे और डॉ. ओमप्रकाश कश्यप ने विपश्यना, ध्यानसाधना, अनापानसति आदि तत्वों पर मौलिक मार्गदर्शन किया. इस सत्र का संचालन डॉ. जितेन्द्र सावजी तागड़े तथा आभार प्रदर्शन डॉ. महेश जोगी ने व्यक्त किया. कार्यशाला में बड़ी संख्या में प्रोफेसर और छात्र शामिल हुए.

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com



### हरिओम सोनी

**नागपुर.** सोनी समाज मित्र मंडल के वरिष्ठ सदस्य सोनी ज्वैलर्स इतवारी वाले हरिओम सोनी का मंगलवार को निधन हो गया. वह 55 वर्ष के थे. उनकी अंत्ययात्रा आज सुबह10 बजे उनके नाग मुद्रणालय, पतंजलि स्टोर्स के पीछे, महल स्थित निवास से निकलकर गंगाबाई घाट जाएगी.

# एक माह में पूरा करें रन-वे की री-कार्पेटिंग का काम: गडकरी


### > एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों की ली क्लास

**नागपुर.**

डॉ. बाबासाहब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर रन-वे की री-कार्पेटिंग के काम में हो रही देरी को लेकर केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए, एक महीने के भीतर काम पूरा करने का 'अल्टीमेटम' री-कार्पेटिंग का काम कर रही कंपनी को दिया है। साथ ही एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को भी उन्होंने लताड़ लगाई है। एक महीने के भीतर काम पूरा न होने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। सोमवार को केंद्रीय मंत्री ने एयरपोर्ट पर रन-वे की री-कार्पेटिंग के काम की समीक्षा की। ठेका कंपनी की ओर से अप्रैल-मई तक काम पूरा करने की बात कही जा रही है। गडकरी के अनुसार रन-वे री-कार्पेटिंग का काम पूरा करने में ज्यादा से ज्यादा पंद्रह से बीस दिन लगने चाहिए, अतिरिक्त कर्मचारी लगाकार ठेका कंपनी इस काम को एक माह के भीतर पूरा करें।

**दिसंबर 2023 में निकाली थी निविदा :** एयरपोर्ट अथॉरिटी ने दिसंबर 2023 में रन-वे के री-कार्पेटिंग के लिए निविदा निकाली थी। 1 मई 2024 को के. जी. गुप्ता कंपनी को काम सौंपा गया, लेकिन अब तक काम पूरा नहीं हुआ है। गडकरी को कई शिकायतें मिली हैं। री-कार्पेटिंग के कारण सुबह 10 से शाम 6 बजे के बीच एयरपोर्ट पर विमानों का परिचालन बंद रखा गया है। इससे नागपुर का हवाई किराया भी काफी बढ़ गया है। नियमित यात्रियों को इससे परेशानी हो रही है। इसीलिए सोमवार को नितीन गडकरी ने रनवे की री-कार्पेटिंग के काम का दौरा किया। बढ़े हुए हवाई किराए के लिए उन्होंने एएआई को जिम्मेदार ठहराया। उनके साथ विधायक मोहन मते, एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्य गिरधारी मंत्री, प्रकाश भोयर, दिलीप जाधव, मिहान की वीसीएमडी स्वाति पांडे, एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी तथा के.जी. गुप्ता कंपनी के अधिकारी उपस्थित थे। पहली लेयर का काम 80 प्रतिशत हुआ: कंपनी को मई 2024 में कार्यादेश मिला। जून से सितंबर के बीच सर्वेक्षण कर रिपोर्ट सौंपी गई। 1 अक्टूबर 2024 को से काम शुरू हुआ। इस बीच लोकसभा चुनाव, मॉनसून और विधानसभा चुनाव के चलते काम बंद रहा। 24 नवंबर से फिर काम शुरू हुआ। पहली लेयर का काम 80 प्रतिशत पूरा हुआ। कंपनी का कहना है कि दूसरी और तीसरी लेयर का काम पूरा होने में 21 मई 2025 तक का समय लगेगा।

**काम की धीमी गति से नाराज :** गडकरी ने धीमी गति से चल रहे काम को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नागरिकों को और 5 महीने महंगी विमान यात्रा करनी पड़ेगी, जो उचित नहीं है। एक महीने के भीतर रनवे का काम पूरा करने, नहीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहने की चेतावनी उन्होंने दी।



### हमारी गलती है, नागपुर की जनता से क्षमा मांगता हूँ

केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी ने एयरपोर्ट के री-कार्पेटिंग में देरी के लिए नागपुर की जनता से क्षमा मांगी है। उन्होंने कहा कि री-कार्पेटिंग में देरी के कारण नागपुर के नागरिकों को महंगी टिकट पर हवाई यात्रा करनी पड़ी। नागपुर की जनता ने बहुत तकलीफ झेली है। ठेकेदार ने बेहद लापरवाही के साथ काम किया। उसके पास पर्याप्त मशीनरी नहीं थी। इसके अलावा उसने हाई कोर्ट में भी गलत एफिडेविट दिया कि चुनाव के कारण काम में देरी हुई। हमने एक लाख करोड़ रुपये का 1370 किमी का दिल्ली-मुंबई हाईवे दो साल में कम्प्लीट कर लिया, लेकिन वे तीन साल में तीन किमी का रनवे नहीं बन पाए।

## स्वरांजलि के कार्यक्रम में डॉ. गोविंद वर्मा की स्वास्थ्य पुस्तक का वितरण

**नागपुर.**

स्वरांजली द्वारा आयोजित गीतों के कार्यक्रम में डॉ. गोविंद वर्मा ने अपनी स्वलिखित पुस्तक 'सहस्त्रवर्षीय उत्तम स्वास्थ्य' (होलिस्टिक मिलेनियम हेल्थ) का वितरण किया। इस अवसर पर लगभग 200 पुस्तकों का वितरण किया गया।



पुस्तक में स्वास्थ्य को उत्तम बनाए रखने के उपायों के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों और उनके उपचारों पर गहराई से जानकारी दी गई है। यह पुस्तक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को बेहतर जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती है। इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित डॉक्टरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें डॉ. मंजूषा गिरी (अध्यक्ष, आईएमए), डॉ. मिलिंद माने, डॉ. उदय बोधनकर, डॉ. बी. के. शर्मा, डॉ. मुकुंद गनेरीवाल, डॉ. गौरीशंकर सरोदे और डॉ. शंकर खोबरागड़े जैसे सम्माननीय नाम शामिल थे।

स्वास्थ्य और समाजसेवा के प्रति समर्पित डॉ. गोविंद वर्मा की इस पहल की सराहना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने इस पुस्तक को समाज के लिए एक उपयोगी योगदान बताया।

# जलस्तर बढ़ाने के लिए जनजागृति की आवश्यकता

> बोरवेल खोदकर भूगर्भ के पानी का दोहन

**गोंदिया.**




पानी पर हमारी रोजमर्रा की जिंदगी और आर्थिक विकास निर्भर है तथा जलाशयों की भंडारण क्षमता सीमित है. इसके साथ ही देश में पानी की एक स्थानीय भिन्नता है यानी अर्ध-शुष्क क्षेत्र को मानसून में कम पानी मिलता है तो पूर्वी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों को अधिक. साल के लगभग 4 महीनों में मानसून का पानी मिल पाता है. मौसम में बदलाव के साथ पर्यावरण का बिगड़ता संतुलन अनेक आपदाओं को जन्म दे रहा है. पानी की बढ़ती मांग के बीच दिनोंदिन बोरवेल खोदकर भूगर्भ के पानी का दोहन किया जा रहा है. लेकिन भूमिगत जल स्तर बढ़ाने की दिशा में उतना ध्यान नहीं दिया जा रहा है. जिससे जलस्तर नीचे जा रहा है. गर्मी के मौसम में बोर व कुएं सूखने लगते है. घटते जलस्तर को बढ़ाने तथा पानी के उचित उपयोग के लिए जनजागृति की आवश्यकता प्रतिपादित की जा रही है. सरकार की ओर से भी घटते जलस्तर को बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक उपाय योजनाओं पर जोर दिया जा रहा है. बावजूद उसका कोई विशेष फायदा होता नजर नहीं आ रहा है. हर साल मानसून की बारिश भी कभी कम तो कभी अधिक होती है. बारिश के पानी को रोकने को लेकर समुचित संसाधन नहीं होने के कारण बारिश का पानी हर साल बेकार बहकर चला जाता है. अगर इसे रोका जाए तो संभव है कि हर साल ग्रामीण इलाकों में पैदा होने वाले जल संकट से बचा जा सकता है. जलस्तर बढ़ाने के लिए पौधारोपण, बांध, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए. हालांकि इन योजनाओं पर सरकार की ओर से प्रति वर्ष भारी खर्च होता है. यह योजनाएं भी जमीनी स्तर पर साकार नहीं होती हैं. खर्च की अपेक्षा फलश्रुति नगण्य रहती है.

### स्थानीय स्तर पर पहल जरूरी

जल विशेषज्ञों के अनुसार जल संरक्षण के प्रयास या वर्षा जल संचयन के प्रयास स्थानीय स्तर पर होने चाहिए और स्थानीय प्रयासों के बिना जल संरक्षण के प्रयास व्यापक अभियान का रूप नहीं ले सकेंगे. फिलहाल ठंड का मौसम शुरू है. लेकिन बारिश के मौसम में गिरने वाले पानी के नियोजन को लेकर आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है. इसके लिए पहले ही व्यापक जनजागृति की जरूरत है. जमीन में पानी की कमी के चलते अनेक जगहों पर 300 से 400 फुट तक बोर खोदने के बावजूद पानी नहीं लग रहा है.

### बोरवेल खोदने पर जोर

नई प्लॉटिंग, सोसाइटी, निवासी बस्तियों का विस्तार हो रहा है और ऐसे स्थानों पर पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण प्रत्येक सोसाइटी, निवासी बस्तियों में बोरवेल खोदने पर जोर दिया जाता है. जिसके कारण जितने प्लॉट उतने बोरवेल हो रहे हैं लेकिन वाटर हार्वेस्टिंग पर ध्यान नहीं दिया जाता. इस तरह के समीकरण होने के कारण शहर व ग्रामीण इलाकों में पानी के लिए जमीन की छलनी हो रही हैं. जमीन में पानी नहीं होने के कारण अनेक स्थानों पर 300 से 400 फुट तक बोरवेल खोदने के बावजूद पानी नहीं लगता.

# इस विद्यालय में मेरी शिक्षा के कारण, ऋणानुबंध स्थायी है: राधाकृष्ण

**सेवाग्राम.**



मेरा जन्म इसी गांव में हुआ और मैंने अपनी प्राथमिक शिक्षा उसी स्कूल में पूरी की, जहां आप पढ़ रहे हैं। मुझे आज अपने बचपन की याद आ गई, क्योंकि यह मेरे माता-पिता का जन्म शताब्दी वर्ष है. जो साहित्य स्कूल को दिया जा रहा है उससे मेरा भावनिक बंध कायम रहे, ऐसा मेरा प्रयास है, ऐसा दिल्ली की दिशा संस्था की डॉ. शोभना राधाकृष्ण ने विचार व्यक्त करते हुए कहा.

ओल्ड टाउन के जिला परिषद प्राइमरी स्कूल में शनिवार को विद्यार्थियों और स्कूल के लिए शैक्षिक, खेल और कहानी संग्रह की किताबें और सामग्री वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी शुरुआत डॉ. शोभना राधाकृष्ण और संगीता चव्हाण ने धागा बुनाई से की.और भजन भी गाया गया.

इस अवसर पर डॉ. शोभना राधाकृष्ण, दिशा संस्था के सचिव रवि चोपड़ा, स्कूल की प्रिंसिपल अर्चना काटेखाये, शिक्षक प्रकाश राठौड़, दिशा संस्था के रमेश कुमार, गजानन अंबुलकर, यशवंत विद्यालय और जूनियर कॉलेज की प्रिंसिपल वंदना राउत, उज्वला इंगले, स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष शुभांगी धुर्वे, दिलीप चव्हाण, मनीष भगत, सुनील ठाकरे आदि सह पालक उपस्थित थे। स्कूल की प्रिंसिपल अर्चना काटेखाये ने कहा कि आज का क्षण महत्वपूर्ण है. ताई की शिक्षा इसी जिला परिषद प्राइमरी स्कूल में हुई थी. उन्होंने इस जगह का दौरा किया और छात्रों को आवश्यक सामग्री देने की इच्छा व्यक्त की. विद्यार्थियों एवं विद्यालय को खेल सामग्री, शैक्षणिक सामग्री, कहानी संग्रह, डायरी, बौद्धिक खेल सामग्री आदि दी गई। 40 विद्यार्थी, अर्चना काटेखाये एवं शिक्षक प्रकाश राठौड़ को दी. दिलीप चव्हाण ने परिचयात्मक भाषण दिया और प्रकाश राठौड़ ने उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया। दिशा संस्था के कार्यकर्ताओं का भी सहयोग मिला.

# स्वामित्व योजना के तहत जिले की 64 ग्राम पंचायतों को संपत्ति पत्रक का वितरण किया जाएगा

> मुख्य कार्यकारी अधिकारी, समीर कुर्ताकोटी ने दिए जानकारी

**भंडारा.**

स्वामित्व योजना भारत सरकार के पंचायत राज मंत्रालय द्वारा राज्य राजस्व विभाग, राज्य पंचायत राज विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग के सहयोग से कार्यान्वित की जा रही है. इस योजना के माध्यम से, भंडारा जिले में 64 ग्राम पंचायतों को संपत्ति पत्रक वितरित किए जाएंगे, माननीय को सूचित किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, समीर कुर्ताकोटी ने कहा।

इस योजना के तहत अब तक राज्य के 3 लाख 17 हजार गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है और 1 लाख 19 हजार गांवों की 2 करोड़ 19 लाख संपत्ति पत्रक तैयार करने में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल हुई है। समथ्व योजना के माध्यम से ग्रामीण लोगों को उनकी आवासीय संपत्तियों के स्वामित्व के लिए संपत्ति दस्तावेज उपलब्ध कराकर सशक्त बनाया गया है। इसी के एक भाग के रूप में 27 दिसंबर को दोपहर 12.30 बजे प्रधानमंत्री 50 लाख संपत्ति पत्रक के वर्चुअल वितरण के दौरान लाभार्थियों को संबोधित करेंगे.

इस वर्चुअल वितरण कार्यक्रम के बाद राज्य, जिला, तालुका और ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित इन स्थानीय कार्यक्रमों में संपत्ति कार्ड का भौतिक वितरण किया जाएगा। स्वामित्व योजना के महत्वपूर्ण पहलू हैं.

संपत्ति पर ऋण की उपलब्धता, संपत्ति विवादों में कमी, ग्राम पंचायतों के लिए ग्राम विकास योजना में आसानी, पंचायतों के लिए स्व-आय के स्रोत का निर्माण, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के बीच इस योजना के बारे में अधिक जागरूकता की भी आवश्यकता है। जन प्रतिनिधि.

27 दिसंबर को जिन ग्राम पंचायतों और गांवों के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और लाभार्थियों सहित कम से कम 50 लोगों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, उनके तहत संपत्ति पत्रक वितरित किए जाएंगे। भंडारा तालुका की 8 ग्राम पंचायतें, लाखनी तालुका की 12 ग्राम पंचायतें, साकोली तालुका की 3 ग्राम पंचायतें, पावनी तालुका की 6 ग्राम पंचायतें, तुमसर की 14 ग्राम पंचायतें, मोहदी तालुका की 12 ग्राम पंचायतें, लाखांदुर तालुका की 9 ग्राम पंचायतें, आदि जिला परिषद, भंडारा के अंतर्गत। ग्राम पंचायतों में 27 दिसंबर को संपत्ति पत्रक का वितरण किया जाएगा।

निर्वाचित जन प्रतिनिधियों, लाभार्थियों के साथ कम से कम 50 लोगों के लिए बुनियादी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिला परिषद, भंडारा मुख्य कार्यकारी अधिकारी समीर कुर्ताकोटी ने जानकारी दी है.

## विशेष टिकट चेकिंग अभियान

**गोंदिया.** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह के दिशानिर्देश पर वाणिज्य निरीक्षक व टिकट चेकिंग कर्मियों द्वारा नागपुर-गोंदिया-दुर्ग, गोंदिया-कटंगी-बालाघाट, छिंदवाडा-सिवनी, इतवारी-तुमसर रोड़ आदि रेल खण्डों पर विभिन्न ट्रेनों तथा प्रमुख स्टेशनों में जांच अभियान चलाए जा रहे है.

16 से 21 दिसंबर तक मंडल के विभिन्न रेल खण्डों से गुजरने वाली पैसेंजर/मेमू/मेल/एक्सप्रेस ट्रेनो में चलाए गए विशष जांच अभियान के दौरान बिना टिकट /अनियमित व अन्य के कुल 846 मामलें दर्ज कर कुल 2,72,455 रु. वसूले गए, जिसमें धूम्रपान के 01 मामले से 200 रु., वहीं रेल परिसर में गंदगी फैलाने वाले कुल 31 यात्रियों से वसूले गए दंड स्वरूप 3110 रु. शामिल है.

> पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए

# 'वाचन प्रेरणा दिवस' गतिविधि का आयोजन

**भंडारा.**

महाराष्ट्र सरकार के उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के तत्वावधान में, हर साल विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और सार्वजनिक पुस्तकालयों में छात्रों के लिए "महाराष्ट्र का वाचन संकल्प" पहल आयोजित की जाती है। 01 से 15 जनवरी तक लागू करने को लेकर सरकारी सर्कुलर जारी कर दिया गया है. संदर्भ परिपत्र के अनुसार उक्त गतिविधि हेतु राज्य, संभागीय एवं जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। "वचन संकल्प महाराष्ट्र" पहल के कार्यान्वयन के लिए कार्यक्रम अनुसूची संदर्भ के लिए सरकारी परिपत्र के साथ संलग्न प्रॉस्पेक्टस के अनुसार होगी। वचन संकल्प महाराष्ट्र" वाचन पखवाड़ा के अवसर पर उक्त अवधि में समूह वाचन, वाचन कौशल, कार्यशाला, वाचन संवाद, पुस्तक समीक्षा एवं कथन प्रतियोगिता, पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन एवं अधिकाधिक विद्यार्थियों को सदस्य के रूप में पंजीकृत करने जैसी गतिविधियाँ आयोजित करने के निर्देश हैं।

साथ ही नवीन गतिविधियों का आयोजन। 01 से 15 जनवरी तक वाचन पखवाड़ा के अवसर पर "महाराष्ट्र का वाचन संकल्प" क्रियान्वित किया जायेगा। इसमें प्रतिदिन जिला पुस्तकालय अधिकारी कार्यालय, लाल बहादुर स्कूल के पास, स्टेशन रोड भंडारा पर कार्यक्रम होंगे। पठन पखवाड़ा के अवसर पर इस दौरान पुस्तक वाचन, कौशल कार्यशाला, वाचन संवाद, पुस्तक परीक्षण एवं कथन प्रतियोगिता, पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन एवं अधिकाधिक विद्यार्थियों का सदस्यता पंजीकरण जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं का सदस्यता पंजीयन अभियान चलाया जायेगा, लेकिन जिला पुस्तकालय पदाधिकारी खुरमेंद्र बोपचे ने शहर एवं जिले के नागरिकों से इस गतिविधि में भाग लेने का आह्वान किया.

## आंगनवाड़ी सेविकाओं को अब तक नहीं मिला प्रोत्साहन भत्ता

**गोंदिया.** विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में 'मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना' शुरू की गई. यह योजना डेढ़ हजार रु. प्रति माह का है. इस योजना से महिलाओं की खुशी दोगुनी हो गई और लाड़ली बहनों को पांच महीने तक 7500 रु. का मानधन भी मिला. इस योजना के आवेदन भरने के लिए सरकार ने आंगनवाड़ी सेविकाओं को प्रति आवेदन पर 50 रु. प्रोत्साहन भत्ता देने की घोषणा की थी. जिससे आंगनवाड़ी बहनों ने भी इस योजना का आवेदन पत्र पूरे मन से भरा. लेकिन अभी तक इस कार्य के लिए आंगनवाडी सेविकाओं को भुगतान नहीं किया गया है. जिससे लाड़ली बहनों को लाभ हुआ. लेकिन हमारे काम का फल कब मिलेगा? यह सवाल आंगनवाड़ी सेविकाओं ने मुख्यमंत्री से किया है.

1200 सेविकों ने आवेदन पत्र भरने का किया काम जिले के सभी आठ तहसीलों में 1902 आंगनवाड़ी सेविका कार्यरत हैं.

# वॉटर फिल्टर इलेक्ट्रिक मोटर चोरी करनेवाले आरोपी गिरफ्तार

**वर्धा.**



सिवील लाईन स्थित स्वीमींग पुल से फिल्टर वॉटर मशिन चुरानेवाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. बता दें की, वादी हमेशा की तरह ड्यूटी पर गये थे, उन्हें टुल बॉक्स से काम करना था, वह अपने कमरे में गये और स्टूल बॉस को देखा तो स्टूल बॉक्स की कीमत लगभग 2000/- रुपये नहीं मिला. जब उसकी तलाश की गई तो वह नहीं मिला। साथ ही 22/12/2024 को प्रातः 06.30 बजे जब वादी प्रतिदिन की भांति अपनी ड्यूटी पर स्विमिंग पूल सिविल लाइन वर्धा गये, तो उन्हें किर्लोस्कर कंपनी की 10 एचपी की पुरानी प्रयुक्त फिल्टर मोटर नही मिली, जिसकी कीमत लगभग 65,000/- रुपये थी, जिसे उन्हों ने मरम्मत के लिए रखा था। आसपास तलाश करने पर वह नहीं मिली। उपरोक्त विवरण की विषयवस्तु किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुरा ली गयी है। ऐसे वादी की मौखिक रिपोर्ट से पुलिस थाना वर्धा सिटी में 2145/2024 धारा-303(2) बीएनएस अनुसार प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त अपराध की विवेचना चल रही थी कि मुखबिर से प्राप्त विश्वसनीय जानकारी के आधार पर अज्ञात आरोपी का नाम अश्विनी राजू हराले उम्र 24 वर्ष निवासी वडार झोपडपट्टी आर्विनाका वर्धा, अरुणा रमेश सोलंखे उम्र 20 वर्ष निवासी वडार झोपडपट्टी, राजेश प्रभाकर मानकर उम्र 32 वर्ष निवासी, गोंडप्लॉट वर्धा, उक्त अपराध में मजिस्ट्रेट के समक्ष किर्लोस्कर कंपनी की एक पुरानी प्रयुक्त फिल्टर मोटर, 10 एचपी, कीमत लगभग 65,000/- रुपये, पैन्चिस (टूलबॉक्स) कीमत लगभग 2000/- रुपये ऐसा कुल 67000/- रु. माल बरामद किया.इस संबंध में जब उनसे पूछताछ की गई तो उक्त विद्युत मोटर चोरी करने की बात स्वीकार की.तथा आरोपी राजेश प्रभाकर मानकर उम्र 32 वर्ष निवासी गॉडप्लॉट वर्धा ने चोरी का माल ले जाने में प्रयुक्त ऑटो क्र. एमएच-31 सीवी-7415 कीमत रु.45,000/- कुल लागत रु.1,12,000/- आरोपी को गिरफ्तार कर जप्ती पंचनामा कार्यवाही कर उक्त माल जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक सागर कवड़े, उपविभागीय पुलिस अधिकारी प्रमोद मकेश्वर एवं पुलिस स्टेशन वर्धा शहर के थानेदार पराग पोटे के निर्देशन में विकास गायकवाड, राजेश राठौड़, अमलदार सूरज जाधव, संभाजी मुंडकर, अशफाक शेख, वर्षा राठौड़, चालक मुंडे ने कि है.

# हिंदी विश्वविद्यालय को सूचना निदेशक डॉ. गणेश मुले ने दी भेंट

**वर्धा.**



महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में सोमवार, 23 दिसंबर को महाराष्ट्र राज्य के सूचना एवं जनसंपर्क महासंचालनालय, नागपुर विभाग के सूचना निदेशक डॉ. गणेश मुले ने विश्वविद्यालय को भेंट दी। उनके आगमन पर कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील ने उनका सूतमाला एवं शॉल देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर वर्धा जिला सूचना कार्यालय के जिला सूचना अधिकारी रवि गिते का स्वागत विधि विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी ने किया। इस दौरान डॉ. गणेश मुले ने विश्वविद्यालय के अकादमिक कार्यक्रमों तथा गतिविधियों को लेकर कुलसचिव प्रो. पाटील के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार का सूचना विभाग एवं विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्त्वावधान में मोबाईल पत्रकारिता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर एक राष्ट्रीय स्तर का आयोजन किया जा सकता है। इस दौरान दर्शन एवं संस्कृति विभाग के अध्यक्ष डॉ. विपीन कुमार पाण्डेय, जनसंचार विभाग के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. राजेश लेहकपुरे, डॉ. बा. अं. सि. का. मू. दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र के प्रभारी एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. बालाजी चिरडे, डॉ. भदंत आनन्द कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. कृष्ण चंद पाण्डे, जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे, हिंदी अधिकारी राजेश यादव उपस्थित थे।

# 518 लोगों की पीएम आवास किस्त रुकी

**गोंदिया.**



जिले में वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 14 हजार 174 आवास स्वीकृत किए गए हैं. जिनमें से 13 हजार 656 लाभार्थियों को अनुदान की प्रथम किस्त वितरित की गई. लेकिन अभी भी 518 लाभार्थियों को अनुदान का इंतजार है. जिससे लाभार्थियों में नाराजगी का माहौल है.

प्रपत्र 'ड' सूची के पात्र लाभार्थी जिन्हें आवास का लाभ नहीं मिला है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घरकुल का लाभ दिया जाता है. चालू वित्तीय वर्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण चरण-2) के तहत जिले में 14 हजार 174 आवास स्वीकृत किए गए. इस बीच विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के कारण अधिकारी-कर्मचारी चुनाव कार्य में व्यस्त थे. आचार संहिता लागू होने के कारण घरकुल योजना उपेक्षित रही. अब आचार संहिता खत्म हो गई है तो काम में तेजी आएगी. लेकिन कुछ लाभार्थियों को सब्सिडी की पहली किस्त भी नहीं मिलने से आवास निर्माण का काम रुक गया है. 14,174 आवासों को स्वीकृत चालू वित्तीय वर्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण चरण-2) के तहत जिले में 14 हजार 174 आवास स्वीकृत किए गए. उन आवास का निर्माण शुरू हो गया है.

पांच साल बाद दूसरा चरण प्रधानमंत्री आवास योजना का पहला चरण 2019 में आया. पांच साल बाद अब 2024 में इस योजना का दूसरा चरण लागू किया जा रहा है. द्वितीय चरण के प्रथम वर्ष में जिले में 14 हजार 174 आवास स्वीकृत किए गए हैं. अनुदान चार किस्तों में उपलब्ध आवास स्वीकृत होने वाले लाभार्थी के बैंक खाते में अनुदान चार किश्तों में वितरित किया जाता है. पहली किस्त आवास का निर्माण शुरू करने से पहले दी जाती है और फिर निर्माण के चरण के अनुसार अनुदान वितरित किया जाता है. निर्माण पूरा होने के बाद अंतिम किस्त का भुगतान किया जाता है.



# भारत विद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिन पर गणितज्ज्ञ रामानुजन को श्रद्धांजलि

**हिंगनघाट.**

राष्ट्रीय गणित दिन हर वर्ष 22 दिसंबर को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जयंती निमित्त पर किया जाता है। स्थानिय भारत विद्यालय में गणित दिवस मनाया गया। रामानुजन के गणित के क्षेत्र के योगदान का स्मरण करने, तथा लोगोंको गणित का मानवता के विकास के लिए महत्त्व इस बारे में लोगों में जागृती करने का गणित दिन का उद्देश है। ऐसी जानकारी गणित शिक्षक श्रीकांत राडे ने दी। इस वक्त मुख्याध्यापक राजू कारवटकर, उप मुख्याध्यापक हरीश भट्टड, पर्यवेक्षक शिक्षक श्रीकांत राडे, शिपाई शरद बोरकर, जगदीश झाडे आदी प्रमुखता से उपस्थित थे। प्रसंग पर मुख्याध्यापक राजू कारवटकर ने थोर गणित शास्त्रज्ञ रामानूजन के प्रतिमां को पुष्प माला अर्पण की।

# आमगांव खुर्द-नानवा मार्ग पर दुर्घटनाएं बढ़ीं

> आमगांव खुर्द-नानवा पुल पर छात्र फिर हुए घायल

**सालेकसा.**

तहसील मुख्यालय से करीब 5 किमी. दूर नानवा गांव को जोड़ने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण आमगांव खुर्द-नानवा मार्ग पर फिर दो स्कूली छात्र घायल हो गए. पिछले करीब 14 वर्ष से तहसील मुख्यालय को जोड़ने वाले इस मार्ग की हालत दयनीय हो जाने से रोजाना हादसे हो रहे हैं. इसी मार्ग से छात्र व नागरिक तहसील मुख्यालय आना-जाना करते हैं.

इस मार्ग की हालत इतनी खराब हो गई है कि वाहन तो क्या पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है. किसान, छात्र व नागरिकों को अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करना पड़ी रही है. यह मार्ग सालेकसा तहसील मुख्यालय को जोड़ने वाला एकमात्र मार्ग है. नानवा ग्राम समेत आसपास के ग्रामीण लगातार इस मार्ग के सुधार व पुनर्निर्माण की मांग कर रहे हैं. उसी प्रकार इसी मार्ग के कुआडांस नाले पर मां गढ़माता मंदिर के पीछे बना पुल (रपटा) भी अत्यंत जर्जर हो गया है. इस रपटे पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं. यह रपटा कभी भी ढह कर बड़ी दुर्घटना हो सकती है. इस रपटे की ऊंचाई कम होने की वजह से बारिश के मौसम में उसके ऊपर से पानी बहता है. जिससे नानवा समेत परिसर के सैकड़ों किसान, नागरिक व छात्रों का तहसील मुख्यालय से बार-बार संपर्क टूट जाता है. बारिश के मौसम में रपटा बाढ़ में डूबा रहने की स्थिति में तहसील मुख्यालय पहुंचने के लिए अन्य पर्यायी मार्ग नहीं है. जिससे लोगों को स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है. इस मार्ग की मरम्मत व पुनर्निर्माण तथा कुआडांस नाले पर ऊंचे पुल निर्माण की मांग लगातार पिछले 35 वर्षों से की जा रही है. लेकिन नागरिकों की मांग पर अब तक शासन-प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया गया है. इसी समस्या को लेकर 23 सितंबर 2024 को नानवा के लोगों ने आमगांव खुर्द-नानवा मार्ग के पुनर्निर्माण व इसी मार्ग में कुआडांस नाले पर पुल की मांग पूरी नहीं होने पर विधानसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का निर्णय लिया था. लेकिन उसके बाद प्रशासन हरकत में आ गया था.

जिलाधीश प्रजीत नायर के मार्गदर्शन में पहले तहसीलदार नरसय्या कोंडागुर्ले ने बैठक लेकर विधानसभा चुनाव के बहिष्कार को वापस लेने की दिशा में प्रयास किया था. पश्चात देवरी की उपविभागीय अधिकारी कविता गायकवाड़ ने सालेकसा से लेकर नानवा तक स्कूटी से मतदाता जनजागृति रैली के दौरान इस मार्ग व पुल का जायजा लिया था. उन्होंने ग्रामीणों की बैठक लेकर विधानसभा चुनाव बहिष्कार वापस लेने का अनुरोध किया था. ग्रामीणों द्वारा उपविभागीय अधिकारी से लिखित आश्वासन की मांग की गई थी. उपविभागीय अधिकारी गायकवाड़ ने विधानसभा चुनाव के बाद नई सरकार के पास मार्ग व पुल को लेकर प्रयास करने का आश्वासन दिया. इसके बाद नागरिकों ने चुनाव बहिष्कार वापस ले लिया था. नागरिकों ने विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था. लेकिन अब विधानसभा चुनाव को एक महीना बीत गया है. नई सरकार सत्ता में आई है. आमगांव खुर्द-नानवा पुल व मार्ग पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं में लोग घायल हो रहे हैं.

### पुल व मार्ग की मांग लंबे समय से

इस विषय में नानवा के सरपंच का कहना है कि पुल व मार्ग की मांग लंबे समय से नागरिकों द्वारा की जा रही है. शासन-प्रशासन नागरिकों की मांग की ओर ध्यान नहीं दे रहा है. इसी मांग को लेकर विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया गया था. पुल व मार्ग निर्माण की दिशा में सकारात्मक प्रयास के आश्वासन के बाद नागरिकों ने चुनाव बहिष्कार वापस लेकर मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था. इस कारण अब यह मांग जल्द पूरी होना अपेक्षित है.

# आधार सेंटर निजी कंपनी को देने की साजिश

**गोंदिया.**

आधार पंजीयन संच एकीकृत बाल विकास सेवा योजना आयुक्तालय के माध्यम से जमा कराने के लिए निर्देशित किया गया है. गोंदिया जिले और राज्य के आधार पंजीकरण केंद्र संचालकों ने जिला प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की है कि यह मामला महाआईटी के माध्यम से अनुचित है, या वीएलसी के माध्यम से आधार कार्ड का काम जारी रखा जाना चाहिए.

जिले में पिछले कई वर्षों से सरकारी संस्था महाआईटी के माध्यम से आधार संबंधी कार्य किए जा रहे हैं. नियमानुसार सभी कार्य आधार केंद्र संचालकों द्वारा किए गए हैं. लेकिन, पिछले कुछ सालों से तय कमीशन न मिलने के बावजूद कारोबार सुचारू रूप से जारी है. वहीं, एकीकृत बाल विकास सेवा योजना आयुक्तालय के माध्यम से आधार पंजीकरण संच जमा करने के निर्देश दिए गए हैं. जिससे आधार केंद्र संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है और खबर है कि इस केंद्र को चलाने के लिए एक निजी कंपनी को ठेका दिया जा रहा है. इससे मौजूदा आधार केंद्र संचालको को रोजगार खोने का डर है और यह अन्याय है. गोंदिया जिले के आधार नामांकन केंद्र संचालक ने गोंदिया जिला प्रशासन को एक ज्ञापन में मांग की है कि आधार केंद्र का काम महाआईटी के माध्यम से या वीएलसी के माध्यम से जारी रखा जाए. ज्ञापन की प्रतियां जिलाधीश, जिप सीईओ और जिला महिला व बाल कल्याण अधिकारी, महाआईटी जिला समन्वयक गोंदिया को दी गई हैं. प्रतिनिधि मंडल में राकेश बघेले, आरती रामटेके, पंकज परशुरामकर, नीलकंठ बोरकर, अमोलकुमार कावले, सुषमा पटले, संदीप मेश्राम, भास्कर तागड़े, सुनीलकुमार भेंडारकर, सुशांत कुथे, दुलीचंद निखाड़े, गोविंद उके, अनिल उके, मनोज हाडगे, दिनेंद्र मेडे, शिवकुमार रहांगडाले, लारेंद्र गेडाम, मधुकर हरिणखेड़े, आशीषकुमार उके, महेंद्र सोनेवाने, ज्ञानेश्वर गायकवाड आदि का समावेश था.

# क्रिप्टोकरंसी के जरिये ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सौंसर.**



क्रिप्टोकरंसी के जरिये पैसे दोगुने करने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाले जालसाज गणेश सूर्यवंशी को सौसर पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक निवेशकों से 4 से 5 करोड़ रुपये ठगने का आरोप है। निवेशकों ने पहले पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कार्रवाई में देरी होने के कारण उन्हें सरकार की हेल्पलाइन 181 का सहारा लेना पड़ा।

क्रिप्टोकरंसी घोटाले की शिकायतें पिछले दो महीनों से चर्चा में थीं। निवेशकों ने पहले पुलिस को लिखित शिकायत और साक्ष्य सौंपे, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद, 3 दिसंबर को निवेशकों ने फिर से शिकायत दर्ज कराई। जब कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो पीड़ितों ने दोबारा सीएम हेल्पलाइन 181 की मदद ली। हेल्पलाइन के निर्देश के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी गणेश को गिरफ्तार कर लिया।

निवेशकों के अनुसार, आरोपी गणेश सूर्यवंशी ने हाईपनेक्स बिड पेड नामक क्रिप्टोकरंसी प्लेटफॉर्म में निवेश का लालच दिया। उसने निवेशकों को फर्जी सॉफ्टवेयर और यूजर आईडी के जरिए शुरू में लाभांश दिया। इसके बाद उसने 80 हजार से 16 लाख तक के निवेश प्लान पेश किए। शुरू में पैसे लौटाने के बाद, दिसंबर 2022 से उसने भुगतान रोक दिया और धमकाने लगा।

### ठगी की रकम से खरीदी संपत्ति

पीड़ित निवेशकों ने बताया कि गणेश और उनके भाई विजय सूर्यवंशी ने ठगी से मिली रकम से नागपुर और रामाकोना में महंगी जमीन, फ्लैट और अन्य प्रॉपर्टी खरीदी है। पुलिस अब उनके रिश्तेदारों के बैंक खातों की भी जांच कर रही है।

### थाना प्रभारी का बयान

थाना प्रभारी ए.बी. मर्सकोले ने बताया कि आरोपी गणेश सूर्यवंशी के खिलाफ धारा 420, 406, 465 सहित अन्य धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उसे मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# सैयां भए कोतवाल... अब डर काहे का?

## > 16 में से केवल 6 घंटे गाड़ियों का इस्तेमाल!

## > दिग्रस में कचरा संकलन में निजी कंपनी की मनमानी

**जुबेर हबीब खान.दिग्रस।**

शहर में कचरा संकलन के उपयोग में लाए जानेवाले नगर पालिका के 16 वाहनों के साथ बीते कुछ माह से खेला शुरू है.

शहर में केवल 6 घंटा गाड़िया उपयोग में है जबकि अन्य वाहन स्वास्थ्य विभाग के लापरवाह अधिकारी और कर्मचारीयो की बदौलत कबाड़ में तब्दील हो रहे है. पालिका प्रशासन की लापरवाही के कारण दिग्रस शहर का स्वास्थ्य खतरे में पड़ गया है. सूत्रों के मुताबिक पालिका के पास कचरा ढोने के लिए कुल 16 वाहन है जिसमे 14 घंटा गाड़िया है वहीं दो ट्रैक्टर है.

इन वाहनों पर कथित रूप से कुल 38 कर्मचारी कार्यरत है. स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 वाहनों में 16 वाहन केवल कागजो पर चल रहे है. जबकि वास्तविकता यह है कि जमीन पर सिर्फ 6 से 7 वाहन इस्तेमाल में लाए जा रहे है.

इस बाबत पूछे जाने पर सम्बंधित विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी घुमावदार जवाब दे रहे है. उन्हें यह तक नही पता कि कचरा ढोने वाले कितने वाहन बिगाड़ पूर्ण अवस्था मे पहुंच चुके है और कितने कबाड़ में तब्दील हो चुके है.



### क्या जॉइंट वेंचर में कर्मचारी लिप्त हैं?

नगर पालिका परिसर में निर्माणाधीन नाट्यगृह के पास खड़े बिगाड़ पूर्ण वाहनों को देखा जा सकता है. जिसकी ओर पालिका अधिकारी और कर्मचारियों का कोई ध्यान नही है. सूत्रों की माने तो उनका ध्यान इसलिए भी नही है क्योंकि जमीन पर भेलही 6 से 7 गाड़िया चल रही हो हर महीने बिल तो सभी 16 गाड़ियों का निकल रहा है.

"आधा माल बाहर आधा अंदर" के तर्ज पर नगर पालिका में कचरा गाड़ियो का गोरखधंधा खूब फलफूल रहा है. और यह धंधा आगे भी खूब फलेंगा फुलेंगा क्योंकि "सैंया भए कोतवाल अब डर काहे का? इस लोकोक्ति के तर्ज पर पालिका में कार्यरत कुछ कर्मचारियों को ठेके में शामिल कर पुणे की क्यू मैक्स फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड नामक कम्पनी को वर्ष 2024-25 का ठेका दिया गया है. ऐसी जानकारी सूत्रों ने दी है. सूत्रों के अनुसार वर्ष 2024-25 के इस ठेके की लागत 2 करोड़ 40 लाख बताई गई है. जबकि यह ठेका सम्बंधित ठेकेदार को सिर्फ 6 महीने के लिए दिया गया है. सूत्रों ने बताया की यह कोई जॉइंट वेंचर हैं. कहीं क्यू मैक्स कंपनी और छुपे तौर पर कचरे की ठेकेदारी में लिप्त पालिका के कुछ कर्मचारियों का यह जॉइंट वेंचर तो नही ऐसा सवाल उपस्थित हो रहा है.

### क्यू मैक्स कंपनी की कार्यप्रणाली पर ध्यान देना जरूरी!

बहरहाल आज दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार प्रतिनिधि ने पालिका कार्यालय पहुंच कर मुख्याधिकारी से इस बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास किया लेकिन साहब आज भी छुट्टी पर होने से जानकारी नही मिली. शहर के नागरिक मुख्याधिकरी अतुल पंत से गुहार लगा रहा है कि तो की वे कृपया क्यू मैक्स फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के कथित ठेकेदार द्वारा कचरा गाड़ियों के मनमाने इस्तेमाल और शहर में उत्पन्न हो रही कचरे की समस्या पर ध्यान दे. दिग्रस पालिका से कचरा संकलन का बड़ा ठेका हथियाने के लिए क्या जरूरी मानकों और प्रक्रियाओं का पालन किया है भी है या नही? ऐसा सवाल अब उपस्थित हो रहा है. जिसका खुलासा करना बेहद जरूरी है.

# करोसिया बने अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत वर्धा जिला के महासचिव

## > पूर्व विधायक प्रा. राजू तिमांडे और एड. सुधीर कोठारी ने किया सम्मानित

**हिंगनघाट.**



सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सोनू करोसिया को अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत के वर्धा जिल्हा महासचिव पद पर नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति 23 दिसंबर को वर्धा के प्रदेश कार्यालय में महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष गणेश एदवान द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपकर की गई।

सोनू करोसिया के समाज के प्रति समर्पण और सक्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रा. राजू तिमांडे और बाजार समिति सभापति एड. सुधीर कोठारी ने उनका अभिनंदन करते हुए समाज के लिए बेहतरीन कार्य करने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में महासचिव महाराष्ट्र प्रदेश रमेश मानकर, सुजल करोसिया, आनंद कोटे, सुनील रघुवंशी, विकी चंदीतारा, आदर्श चव्हाण और दिलीप चव्हाण समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सोनू करोसिया ने अपनी नियुक्ति पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए समाज के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने प्रयास जारी रखने की बात कही। समाज के हित में यह नियुक्ति सराहनीय पहल मानी जा रही है।



# ज़री क्लस्टर में एमएसएमई विभाग नागपुर के संयुक्त निदेशक का दौरा

**खापरखेड़ा.** जरी जरदोजी क्लस्टर खापरखेड़ा नागपुर में एमएसएमई कार्यालय नागपुर से संयुक्त निदेशक वी.आर. सिरसाठजी और सुभाष इंगेवारजी द्वारा 23 दिसंबर को क्लस्टर में दौरा किया गया। आईए विदर्भ हॅण्डीक्राफ्ट आर्टिसंस वेलफेयर एसोसिएशन, नागपूर के सचिव जफर अहमद के साथ क्लस्टर सीडीई प्रीति पेठे ने क्लस्टर कारीगरों को सभी महमानो से परिचित कराया और उनका कारीगर महिलाओं ने स्वागत किया। क्लस्टर विषई संपूर्ण जानकारी दी और प्रोडक्शन प्रक्रिया विषई संपूर्ण जानकारी साझा की।इसके उपरान्त संयुक्त निदेशक वी.आर. सिरसाठजी और सुभाष इंगेवारजी ने आर्टिसनो से बातचित की और उनके काम और अनुभव को रुचिपूर्वक सुना। साथ ही अक्टूबर में महिलाओं ने एमडीपी कार्यक्रम में भाग लिया था जिसके सर्टिफिकेट डायरेक्टर सर द्वार बाटे गए और कार्यक्रम संबंधित कारीगरों से फीडबैक भी लिया व क्लस्टर में स्थापित मशीनों के बारे में कारीगरों से चर्चा की इसके अलावा एसपीवी सदस्य ने अतिथियों का धन्यवाद किया, और सभी आर्टिसानो के साथ ग्रुप फोटो भी लिया।

# सौंसर जनपद के विद्यालयों में ओलंपियाड परीक्षा का सफल आयोजन

**सौंसर.**




सत्र 2024-25 के अंतर्गत सौसर जनपद शिक्षा केंद्र में कार्यरत छह जन शिक्षा केंद्रों के अंतर्गत कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए ओलंपियाड परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 2 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए ओलंपियाड और वर्ड पावर चैंपियनशिप आयोजित की गई, जबकि माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने ओलंपियाड परीक्षा में भाग लिया।

यह परीक्षा विकासखंड के छह परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा 2 एवं 3 के विद्यार्थियों ने तीन विषयों, कक्षा 4 एवं 5 के विद्यार्थियों ने चार विषयों और कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने छह विषयों की परीक्षा दी। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण सहायक संचालक सुश्री रश्मि कुसरे और बीआरसी श्री चैनसा यादव द्वारा किया गया। जिला शिक्षा केंद्र छिंदवाड़ा से एपीसी श्री संकेत जैन, मुकेश श्रीवास्तव और भानु गुमाश्ता ने भी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं शासकीय कन्या विद्यालय सौसर में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों के लिए भोजन और पेयजल व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। विद्यार्थियों को परीक्षा समाप्ति के बाद भोजन करने और शिक्षकों के साथ ही रवाना होने की सलाह दी गई। प्रथम चरण की इस परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र से 64 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। इनमें प्राथमिक स्तर से 28 और माध्यमिक स्तर से 36 विद्यार्थी शामिल होंगे। द्वितीय चरण की ओलंपियाड परीक्षा जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी, जो दो दिनों में संपन्न होगी। जिला स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को राज्य स्तर की प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने का अवसर मिलेगा। ओलंपियाड परीक्षा के सफल आयोजन ने विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा और ज्ञानवर्धन के प्रति रुचि जगाई है।

# नेटवर्क के अभाव में ग्राहक लगा रहे राशन दुकान के चक्कर

**गोंदिया.**



जिले के दुर्गम क्षेत्रों में नेटवर्क के अभाव में बार-बार राशन दूकानों की ई पॉस मशीन बंद पड़ने से गरीब व सामान्य लोग खाद्यान्न से वंचित हो रहे है. सरकारी सस्ते राशन दूकान में ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराई गई ई पॉस मशीन का नेटवर्क सतत गुल होते रहता है.

जिससे ग्रामीण क्षेत्र के गरीब व जरूरतमंद लाभार्थियों को खाद्यान्न मिलना कठिन हो गया है. नेटवर्क कब आएगा इसके लिए सरकारी राशन दूकान में ग्राहकों को चक्कर काटना पड़ता है. वहीं अनेक लाभार्थी राशन दूकान में घंटों खाद्यान्न के लिए लाइन में खड़े दिखाई देते है. जिससे खाद्यान्न विभाग से इस विषय को गंभीरता से लेकर गरीबों को होने वाली दिक्कतों को दूर करने की मांग की जा रही है.

राशन कार्ड धारकों को मिलने वाला खाद्यान्न काले बाजार में जाने की हमेशा चर्चा होती है. काले बाजार में जाने वाले खाद्यान्न पर रोक लगाने के लिए राशन कार्ड धारकों के परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड लेकर खाद्यान्न विभाग ने राशन कार्ड ऑनलाइन किया है. जिससे राशन कार्ड वाले कोई भी व्यक्ति या महिला खाद्यान्न खरीदी के लिए आने पर उसकी उंगली ई पॉस मशीन पर लेकर उस कार्ड धारक को खाद्यान्न देने व मिलने पर ई पॉस मशीन में दर्ज होता है. लेकिन नेटवर्क होगा तो ही मशीन काम करती है. इसमें अनेक बार नेटवर्क का अभाव होता है. जिससे खाद्यान्न वितरण में बाधा निर्माण हो रही है.

इतना ही नहीं ई पॉस मशीन से राशन दूकानदारों का सरदर्द बढ़ गया है. संपूर्ण जिले में नेटवर्क के अभाव में मशीन बंद होने की शिकायतें मिल रही है. कुछ दिनों से इस मशीन की नेटवर्क समस्या निर्माण हो गई है. मशीन नहीं चलने से राशन कार्ड धारकों को दूकान में बार-बार चक्कर मारना पड़ रहा है.

राशन दूकान पर हर दिन 50 से 60 लाभार्थी खाद्यान्न खरीदी करने के लिए आते है. जबकि नेटवर्क के अभाव व अनेक स्थानों पर मशीन ओवरलोड होने से दिन भर में केवल 4 से 5 कार्डधारकों का अंगुठा ई पॉस मशीन पर लगता है.

इसके बाद नेटवर्क गुल होने से मशीन बंद हो जाती है. जिससे कार्ड धारक विशेषकर महिलाओं को राशन के लिए भारी परेशानी हो रही है.

# कचरे के डिब्बे गायब, खुले में फेंक रहे कचरा

**गोंदिया.** शहर में जहां जगह मिली वहीं कचरा फेंकने का चलन बढ़ गया है. नगर परिषद द्वारा शहर में जहां तहां लगाए गए गीला व सूखा कचरे के डिब्बों को कुछेक स्थानों से चोरों ने चुरा लिया है. शहर में नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहा सूखा, गीला कचरा अलग कर देने के अभियान को नागरिकों द्वारा प्रतिसाद दिया जा रहा है. वहीं कुछेक लोग सूखे व गीले कचरे को जहां जगह मिली वहीं फेंकने का काम कर रहे हैं.

# मोहगांव की समस्याओं को लेकर सैयद जुबेर अली ने सौंपा ज्ञापन

**मोहगांव.**



कांग्रेस नेता सैयद जुबेर अली ने मोहगांव नगर परिषद अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए नगर के विकास और जनता की समस्याओं को लेकर पांच मुख्य बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि मोहगांव नगर परिषद को कार्यकाल का दो वर्ष से अधिक समय हो चुका है, लेकिन विकास कार्यों की रफ्तार बेहद धीमी है। जबकि नगर परिषद, प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बावजूद मोहगांव को अपेक्षित विकास नहीं मिला है।

ज्ञापन में सैयद जुबेर अली ने मोहगांव की जनता के हित में निम्नलिखित समस्याओं के समाधान की मांग की: सरकारी अस्पताल में 24 घंटे डॉक्टरों और स्टाफ की व्यवस्था एवं एक एंबुलेंस की उपलब्धता। बस स्टैंड की कमी को दूर कर उचित सुविधा प्रदान करना।

नगर के पार्कों का सौंदर्यीकरण और विकास।, शासकीय डीके उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव में प्राचार्य की नियुक्ति।, नगर में एक स्टेडियम का निर्माण।

उन्होंने कहा कि नगर परिषद अध्यक्ष को प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार का लाभ उठाकर अपने शेष कार्यकाल में इन समस्याओं का समाधान करना चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान किशोर सरोदे, दिनेश वंजारी, लोकेश बावनकर, सागर बावनकर, सुजीत घंगारे समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। सैयद जुबेर अली ने उम्मीद जताई कि नगर परिषद जल्द ही इन समस्याओं का निराकरण कर मोहगांव के विकास को गति देगी।

# बावनकुले के निर्देश पर सरपंच साबरे के मेट्रो प्रस्ताव को मंजूरी

**कामठी.**



रणाला- खैरी फाटा नागपुर मेट्रो रेल द्वारा नागपुर से कामठी तक जाने वाला मेट्रो रेल स्टेशन रणाला खैरी टी प्वाइंट पर बनाया जा रहा है और यह स्टेशन गांव की ओर जाने वाली मुख्य सड़क से बनाया गया है. 9 मीटर का मार्जिन छोड़कर रणाला ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे निर्देश पर इसे लाया गया था. जिसपर कामठी - मौदा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक व राजस्व मंत्री चन्द्रशेखर बावनकुले ने जिलाधिकारी कार्यालय में समन्वय बैठक आयोजित कर मेट्रो अधिकारियों के साथ ग्राम पंचायत द्वारा दिये गये पत्र पर कार्यवाही करते हुए, मेट्रो अधिकारियों को तुरंत डिज़ाइन बदलने और 9 मीटर का अंतर छोड़ने का निर्देश दिया गया.

# तेंदुए के हमले में छह साल की बच्ची घायल

**गोंदिया.**



देवरी तहसील के दक्षिण देवरी वन परिक्षेत्र के बोंडे बीट अंतर्गत ग्राम धमदीटोला में तेंदुए के हमले में एक 6 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई. घायल बच्ची का नाम जानवी किशोर कुमरे (06) बताया गया है. जानवी अपने परिवार के साथ धमदीटोला से करीब एक से डेढ़ किमी. दूर खेत पर गई थी. जब परिवार के सदस्य खेत में काम कर रहे थे, तभी अचानक एक तेंदुए ने जानवी पर हमला कर दिया और परिवार के शोर से तेंदुआ जंगल में भाग गया. इस घटना से धमदीटोला इलाके में भय का माहौल है. तेंदुए के हमले में बच्ची के सिर पर चोट लगने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घोनाड़ी में भर्ती कराया गया, वहां से उसे ग्रामीण अस्पताल चिचगढ़ में भर्ती कराया गया. डाक्टरों ने आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल गोंदिया रेफर कर दिया है. वन विभाग ने की सतर्क रहने की अपील देवरी वन परिक्षेत्र वन विभाग गोंदिया के माध्यम से नागरिकों को जंगल के पास के खेतों में जंगली जानवरों की उपस्थिति के कारण छोटे बच्चों, बुजुर्गों को अकेले रखना या कुछ दूरी पर खेलने के लिए छोड़ना खतरनाक है. रात के समय गांवों में जंगली जानवरों के हमले की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता. देवरी वन विभाग ने जनता से अपील की है कि वे तेंदुए से बचाव के लिए घर के पास की झाड़ियों को साफ-सुथरा रखें, मुर्गियों, बकरियों और घरेलू जानवरों को घर में खुला न छोड़ कर बंद परिसर में रखें।






# यात्रियों के साथ अभद्रता का मामला

## > पुलिस ने जब्त की बस, दिया आश्वासन

**सौंसर.**



नागपुर से छिंदवाड़ा मार्ग पर चलने वाली यात्री बसों में सौसर के यात्रियों को सीट नहीं देने और विरोध करने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार करने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को सौसर बस स्टैंड पर एक बार फिर जमकर हंगामा हुआ। मामला बिगड़ता देख पुलिस ने बस को थाने में खड़ा कर दिया और नागरिकों को आरटीओ अधिकारी तथा बस ऑपरेटर यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया।

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार सुबह नागपुर से छिंदवाड़ा जा रही एक यात्री बस में नगर की एक लड़की नागपुर से बैठी थी। पहले तो परिचालक ने उसे सीट दी, लेकिन छिंदवाड़ा का यात्री मिलने पर लड़की से सीट खाली करने को कहा। जब लड़की ने विरोध किया, तो परिचालक ने अभद्रता की और उसे बीच रास्ते उतारने की धमकी दी। इस घटना की जानकारी लड़की ने अपने परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन और नगरवासी आक्रोशित होकर बस स्टैंड पर इकट्ठा हो गए।

दोपहर में जैसे ही विवादित बस (एमपी 28 जेड बी 9936) सौसर बस स्टैंड पर पहुंची, नागरिकों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने चालक और परिचालक पर नाराजगी जताई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने बस को थाने में खड़ा कर यात्रियों को सुरक्षित उतारा।

पुलिस ने स्थिति को शांत करने के लिए बुधवार को बस यूनियन के सदस्यों और आरटीओ अधिकारी की मौजूदगी में बैठक कर समाधान निकालने का भरोसा दिया। इसके बावजूद लोग चालक-परिचालक पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

### पहले भी हो चुका है विवाद

यह पहली बार नहीं है जब इस मुद्दे पर विवाद हुआ हो। दो सप्ताह पूर्व विधायक विजय चौरे ने भी इस मामले को लेकर बस ऑपरेटरों को चेतावनी दी थी। इसके बाद भी यात्री सीट ना मिलने की समस्या बरकरार रही।

### थाना प्रभारी का बयान

थाना प्रभारी ए.बी. मार्सकोले ने कहा, "नागपुर से छिंदवाड़ा मार्ग पर चलने वाली बसों में यात्रियों को सीट ना देने के मामले को लेकर बस यूनियन के सदस्यों के साथ चर्चा की जाएगी और बैठक कर समस्या का समाधान निकाला जाएगा।"

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 459-8 | 378-8 |
| श्रीदेवी नाईट | 788-3 | 227-1 |
| प्रभात | 490-3 | 790-6 |
| प्रभात नाईट | 399-1 | 169-6 |
| डायमंड | 129- | 257-4 |
| मेन बाजार | 477-8 | - |
| मिलन डे | 778-2 | 280-0 |
| मेन रतन | 112-4 | 378-8 |
| कल्याण | 699-4 | 235-0 |
| राजधानी डे | 235-0 | 144-9 |
| राजधानी नाईट | 780-5 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 390-2 | 450-9 |